SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
NOTES- 6 (TERM-1)

Grade - 3

Subject: हिंदी

Prepared by: Renu Sharma

LESSON- 6 ऐसे किया छुट्टियों का सदुपयोग ,
व्याकरण – लिंग

प्रश्न -१) शब्दार्थ मधुश्री पाठ्यपुस्तक से देखकर नोटबुक में लिखिए |

प्रश्न -२) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों में में प्रयोग कीजिए –

क) खुश - प्रसन्न

वाक्य – अंश बहुत खुश था |

ख) चिंता – सोच

वाक्य – जंगलों की लगातार कटाई से मुझे पर्यावरण की चिंता हो रही है |

ग) शुरू – आरंभ

वाक्य – मुझे कल से काम शुरू करना है |

प्रश्न -३) खाली स्थान भरिए –

क) अंश और उसके सभी मित्र पार्क में बैठे थे |

ख) आज से पूरे एक महीने की छुट्टी हो हो गई थी |

ग) पेड़ों पर पक्षी पानी पीकर चहक रहे थे |

प्रश्न -४) दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

क) अंश क्यों खुश था ?

उत्तर- अंश गरमी की छुट्टियों के कारण खुश था |

ख) अंश की कितने दिनों की छुट्टियाँ हो गई थीं ?

उत्तर - अंश की एक महीने की छुट्टियाँ हो गई थीं |

ग) पाठ में किस मौसम की बात हो रही है ?

उत्तर- पाठ में गरमी के मौसम की बात हो रही है |

घ) अंश किस -किसके बारे में बातें कर रहा था ?

उत्तर- अंश मजदूर , राहगीर और बेजुबान जानवरों के बारे में बातें कर रहा था |

प्रश्न -५) दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो – तीन वाक्यों में लिखिए –

क) अंश ने अपने दोस्तों को क्या योजना बताई ?

उत्तर- अंश ने गरमी से बेहाल मजदूरों , राहगीरों और बेजुबान जानवरों की सहायता की योजना अपने दोस्तों को बताई |

ख) अंश ने अपनी कौन -सी चिंता मित्रों के सामने रखी ?

उत्तर- अंश ने गरमी से बेहाल आदमियों और बेज़बान जानवरों के लिए चिंतित था जो उसने अपने दोस्तों के साथ साझा की |

ग) अंश की योजना में बड़ों ने किस प्रकार सहयोग किया ?

उत्तर- अंश की योजना में बड़ों ने पाँच -पाँच सौ की राशि देकर अपना सहयोग सुनिश्चित किया |

घ) अंश और उसके मित्रों के कार्य का क्या परिणाम हुआ ?

उत्तर- अंश और उसके मित्रों के कार्य से सभी राहगीर , मजदूर व पशु – पक्षी खुशी से झूम उठे और अपने अपने तरीकों से धन्यवाद कहने लगे |

व्याकरण पाठ 6 – लिंग

परिभाषा – स्त्री जाति या पुरुष जाति की पहचान कराने वाले शब्दों को लिंग कहते हैं |

लिंग के दो प्रकार होते हैं – क) पुल्लिंग ख) स्त्रीलिंग

पुल्लिंग – पुरुष जाति की पहचान कराने वाले शब्द पुल्लिंग कहलातें हैं |

जैसे – दादा , हाथी , चूहा , बेटा आदि |

स्त्रीलिंग – स्त्री जाति की पहचान कराने वाले शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं |

जैसे – दादी , हथिनी , चुहिया , बेटी आदि |

कुछ शब्दों के लिंग नहीं बदलते ; जैसे – राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री , इंजीनियर आदि |

पुल्लिंग	**स्त्रीलिंग**
लड़का	लड़की
नाना	नानी
भाई	बहन
मोर	मोरनी
माली	मालिन
पिता	माता
बैल	गाय
धोबी	धोबिन
नौकर	नौकरानी
घोड़ा	घोड़ी